दूरभाषः— 286709
286710

राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0

नवचेतना केन्द्र, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ—226001

पत्रांकः— 2743/01/29/HFA-3/2016–17

दिनांकः—07 सितम्बर, 2016

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण।

विषयः— प्रधानमंत्री आवास योजना—सबके लिए आवास (शहरी) योजनान्तर्गत डिमाण्ड सर्वे हेतु निर्धारित तिथि में विस्तार।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना—सबके लिए आवास (शहरी) योजनान्तर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों में डिमाण्ड सर्वे किए जाने हेतु दिनांक 10 अगस्त, 2016 को हिन्दी समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये गये विज्ञापन एवं सूडा की वेबसाइट पर निर्धारित आवेदन—फार्म सहित इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी अपलोड करायी गयी है। योजना के अन्तर्गत आवेदन—फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 9 सितम्बर, 2016 निर्धारित की गयी थी जिसे 21 दिन बढ़ा दिया गया है अर्थात अब आवेदन—फार्म जमा करवाये जाने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर, 2016 कर दी गयी है। नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग के पत्र संख्या 1847/69–1–2016–14(139)/2015टी.सी. दिनांक 19 अगस्त, 2016 के क्रम में योजना के बारे में संक्षिप्त विवरण पुस्तिका संलग्न की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार अन्तिम तिथि के विस्तार के परिप्रेक्ष्य में जनपद के सभी परियोजना अधिकारी, डूडा एवं अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय को 30 सितम्बर, 2016 तक उपरोक्त परियोजना के फार्म जमा कराने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें तथा उक्त से सम्बन्धित सूचना की निःशुल्क विज्ञप्ति स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें जिससे समस्त जनसामान्य को संशोधित तिथि की सूचना प्राप्त हो सकें।

संलग्नकः— यथोपरि।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

प्रतिलिपिः— निम्न को अनुपालनार्थ प्रेषित।

- समस्त नगर आयुक्त—नगर निगम/समस्त परियोजना निदेशक—डूडा/परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी, (डूडा) उ0प्र0।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक